09/10/2023

आकाशवाणी ईटानगर

भारतीय निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान में विधानसभा चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा कर दी है। नई दिल्ली में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मिजोरम में 7 नवंबर, मध्य प्रदेश में 17 नवंबर, राजस्थान में 23 नवंबर और तेलंगाना में 30 नवंबर को मतदान कराया जायेगा। जबकि छत्तीसगढ़ में दो चरणों में 7 नवंबर और 17 नवंबर को वोट डाले जायेंगे। पांचों राज्यों में मतगणना 3 दिसंबर को होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने स्वस्थ, गलतियों से मुक्त और समावेशी मतदाता सूचियां बनाने पर विशेष रूप से जोर दिया है। इन पांचों राज्यों में कुल छह सौ उन्यासी विधानसभा सीटें हैं और सोलह करोड मतदाता हैं। पांचों राज्यों में सीमा पार से नकद रुपये, शराब, मुफ्त में बांटी जाने वाली सामग्रियों और नशीली दवाओं को लाने ले जाने पर रोक लगाने के लिए नौ सौ 40 से अधिक अंतर-राज्यीय जांच चौंकियां भी बनाई जाएंगी।

0000000000000000000000000

भारतीय जनता पार्टी ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की घोषणा का स्वागत किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सभी राज्यों में भारी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी और अगले 5 साल तक लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए काम करेगी। कांग्रेस ने भी यह विश्वास जताया कि वह जनता के विश्वास और समर्थन से इन सभी राज्यों में भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी।

पार्टी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इन राज्यों में उसकी जीत किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं के अधिकारों की जीत होगी।

0000000000000000

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने मानवता की खुशहाली और जलवायु परिवर्तन के कारण पैदा चुनौतियों से तेजी से निपटने के लिए उपयुक्त खाद्य प्रणाली बनाने पर जोर दिया है। राष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में न्यायोचित और उपयुक्त कृषि खाद्य प्रणाली की ओर शोध और उसके प्रभाव विषय पर एक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कार्यक्रम के विषय की प्रासंगिकता का उल्लेख करते हुए कहा कि अनाज के बिना मानवता जीवित नहीं रह सकती। उन्होंने कृषि उत्पादन क्षेत्र को अधिक समानता पर आधारित लचीला बनाने के लिए इसमें निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी को बढाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

0000000000000000

अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस समिति ने राज्य सरकार से जल्द ईटानगर-नाहरलगुन में सड़कों की रीकॉर्पेटिंग़ कराने की मांग की है। अरुणाचल प्रेस क्लब ईटानगर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस समिति के महासचिव गिरगी कादू ने कहा कि ईटानगर राजधानी क्षेत्र में सड़कों के क्षतिग्रस्त होने से नागरिकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

0000000000000000

लोहित जिला उपायुक्त शाश्वत सौरभ ने सुनपुरा सर्किल हेडक्वार्टर में इएसी ऑफिस, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर और कम्युनिटी हॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की मरम्मत सहित विभिन्न मुद्दों पर अधिकारियों के साथ चर्चा की।

0000000000000000

सिक्किम में अचानक आई बाढ के कारण मरने वालों की संख्या बढकर **34** हो गई है। मृतकों में सेना के **दस** जवान भी शामिल हैं। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार एक सौ पांच अभी भी लापता हैं। अभी तक दो हजार पांच सौ 63 लोगों को बचाया गया है। आपदा के कारण एक हजार तीन सौ 81 मकान भयानक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। **तीस्ता नदी में अचानक बाढ के कारण 14 पुल बह गए।** सिक्किम में सेना की त्रिशक्ति कोर के जवान लापता सैनिकों की तलाश कर रहे हैं। त्रिशक्ति कोर उत्तरी सिक्किम के लाचेन, लाचुंग, थांगू और चुंगथांग इलाकों में फंसे हुए एक हजार सात सौ पर्यटकों को भी सहायता उपलब्ध करा रही है। उन्हें खाने-पीने के समान, चिकित्सा सहायता और संचार सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। खराब मौसम के बीच सेना पर्यटकों को सुरक्षित निकालने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। **लगभग छह हजार पांच सौ पांच लोगों को 26 राहत शिविरों में रखा गया है।** राज्य में प्राकृतिक आपदा से हुई क्षति के मूल्यांकन के लिए भारत सरकार के गृहमंत्रालय के अंतर्गत अंतर मंत्रालय केन्द्रीय दल कल रात गंगटोक पहुंचा।

0000000000000000000000

गोवा में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेलों के लिए अरुणाचल ताइक्वांडू एसोसिएशन के दो अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। ताईक्वांडू फेडरेशन ऑफ इंडिया ने एल सोकुन सिंह को सी एस बी मेंमर्स और बोरिक पामो को राष्ट्रीय खेलों के लिए ऑफिसिएल नियुक्त किया है।

0000000000000000000

कुरुंग कुमे जिला उपायुक्त इबोम ताव, पुलिस अधीक्षक बोमकेन बासार, जिला परिषद चेयरमेन दारे मादा सहित अधिकारियों के एक दल ने न्यापिन, संग्राम, फासांग, न्योबिया, प्रशासनिक अंचल का दौरा कर विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की जायजा लिया। जिला उपायुक्त ने फासांग प्राईमरी हेल्थ सेंटर, पीडब्लू डी इंस्पेक्शन बांगला, डबल कोट बैंडमिंटन हॉल लुंगसा, पी एम जी एस वाई रोड और खेलो इंडिया प्रोग्राम के तहत खेल परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने न्यापिन और संग्राम में स्थानीय लोगों के साथ बैठक की।

00000000000000000

अपर सियांग जिले जिला मुख्यालय यिंक्योंग सहित हिस्सों में विद्युत आपूर्ति बाधित होने से सामान्य जनजीवन बाधित है। करीब एक सप्ताह से अंगोंग नाला और सिरन्युक हाईडल स्टेशन में तकनिकी समस्या के कारण इस सीमांत जिले के कई गांवो में विद्युत आपूर्ति बाधित है। यिंगक्योंग इलेक्ट्रिकल डिविजन के एक्जूकिटिव इंजिनियर ने कहा है कि राजमार्ग परियोजना के निर्माण कार्य के कारण अंगोंग से लेकर यिगंक्योंग तक तैतीस केवी विद्युत लाईन को भारी नुकसान पहुंचा है और विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए कर्मी लगे हुए है।

000000000000000000

पाक्के टाइगर रिजर्व में उनहत्तरवें में वन्यजीव सप्ताह के तहत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। वन विभाग द्वारा वन और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए जागरुकता रैली, क्वीज कंपटिशन्स, बच्चों के लिए शिविर लगाया गया जबकि गांव बुढ़ा और पंचायत सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई।

00000000000000000